खेलकूद | जेनको क्रिकेट लीग प्रतियोगिता सीजन-3

# लिजेंड्स व हिटर्स ने जीत दर्ज कर दिखाए मजबूत इरादे



**नवभारत, जबलपुर, 10 फरवरी।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (जेनको) के तत्वावधान में रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों में लिजेंड्स व हिटर्स टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण 2-2 अंक हासिल किए। पहले मैच में लिजेंड्स ने वॉरियर्स को 8 विकेट से और दूसरे मुकाबले में हिटर्स ने ग्लेडीएटर्स को 6 विकेट से पराजित किया।

लिजेंड्स के कप्तान आसिफ खान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 77 रन बनाए। नितिन नागवंशी ने नाबाद 21 रन बनाए। लिजेंड्स की ओर से कप्तान आसिफ खान ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लिजेंड्स के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया। कप्तान आसिफ खान व सुशील कुमार पाल ने 52 रनों की सशक्त साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। लिजेंड्स ने 16 गेंद शेष रहते लक्ष्य प्राप्त कर लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आसिफ खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

### आज के मैच

आज मैच के अंपायर सुबोध धांडे व अनिल शर्मा और स्कोरर सुशील पांडे, प्रणव देशमुख, प्रतीक कुंटे व दीपक साहू रहे। जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के अंतर्गत 11 फरवरी को दोपहर 1 बजे लिजेंड्स वचार्जर्स के मध्य और 3.30 बजे रॉयल्स व ग्लेडीएटर्स के मध्य मैच खेले जाएंगे।

### गेंदबाजों ने रची हिटर्स की जीत

आज के दूसरा मैच हिटर्स एवं ग्लेडीएटर्स टीम के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेडीएटर्स की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए। शाहिद खान ने 3 महत्वपूर्ण विकेट चटका कर विपक्षी टीम को वापसी का अवसर नहीं दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हिटर्स के सलामी बल्लेबाज शाहिद खान व अतुल यादव ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। हिटर्स ने मात्र 6.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 66 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हिटर्स के शाहिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।



# जीत के साथ सीजीएसटी आयुक्तालय का टूर्नामेंट में शानदार आग़ाज़

**नवभारत, जबलपुर।** सेंट्रल को-ऑर्डिनेशन कमेटी के तत्वावधान में रेलवे ग्राउंड, जबलपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय और श्रम कल्याण आयुक्तालय की टीमों के बीच खेले गए मुकाबले से हुआ।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रम कल्याण आयुक्तालय की टीम निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 43 रन ही बना सकी। सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय की सधी हुई गेंदबाज़ी के सामने विपक्षी टीम टिक नहीं पाई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय की टीम की ओर से कप्तान लोकेश कुमार लिल्हारे एवं उप-कप्तान पाराग अग्रवाल ने पारी की शुरुआत करते हुए शानदार एवं मजबूत साझेदारी निभाई। दोनों बल्लेबाज़ों ने आक्रामक और संयमित खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 06 ओवरों के भीतर ही टीम को आसान जीत दिला दी।

### कप्तान ने 2 छक्कों से 40 रनों की नाबाद पारी खेली

कप्तान लोकेश कुमार लिल्हारे ने 2 छक्कों की मदद से 40 रनों की नाबाद एवं उत्कृष्ट पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय की टीम ने टूर्नामेंट में मजबूत दावेदारी पेश की है और अब टीम दिनांक 12 फरवरी 2026 को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले की तैयारी में जुट गई है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को किया सम्मानित



▸एनडीवीएसयू में एनसीसी कैडेट्स का सम्मान समारोह

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू) के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेट्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स ने यूनिट का नाम रोशन किया। अंडर ऑफिसर वसुंधरा दुबे ने ड्रेसाज प्रतियोगिता में स्वर्ण, सार्जेंट शौनक दांडेकर ने टेंट पेगिंग में रजत और शो जंपिंग में कांस्य पदक जीते। इस दल का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर भरत वसुनिया ने किया।

कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विवेक मिश्रा के नेतृत्व में 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी को सर्वश्रेष्ठ यूनिट के रूप में सम्मानित किया गया। समारोह में एएनओ डॉ. अपूर्वा मिश्रा के लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्ति के उपलक्ष्य में पिपिंग सेरेमनी भी आयोजित की गई। कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा ने कैडेट्स को बधाई देते हुए शैक्षणिक और राष्ट्र सेवा में उत्कृष्टता की प्रेरणा दी। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बहल ने एनसीसी के मूल सिद्धांत—अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा—पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक संदेश दिया। डीन डॉ. आर. के. शर्मा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. ए. बी. श्रीवास्तव, एएनओ डॉ. रणधीर सिंह, निदेशक विस्तार डॉ. सुनील नायक और निदेशक जैव प्रौद्योगिकी डॉ. मोहन सिंह सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक और संकाय सदस्य समारोह में उपस्थित रहे।

# कला, खेल और साहित्य के रंग में रंगा द्वितीय दिवस

▸प्रदेश की पहली ड्रोन सॉकर लीग आईआईआई टीडीएम में आयोजित, टीम इलेवन उपविजेता





**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन उमंग-2026 का द्वितीय दिवस उत्साहपूर्ण ढंग से मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के निर्देशन और स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. उज्वला खारपाटे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया हुनर

महाविद्यालय की अंतर्कक्षा खेल प्रतियोगिताओं में कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस का आयोजन हुआ।

कैरम में विजेता - गीतांजली वैष्णव, उपविजेता - मोनिका सोनवानी। शतरंज में विजेता - मानसी सिंह, उपविजेता - तृप्ति शुक्ला एवं टेबल टेनिस: विजेता - तनिशा सेन, उपविजेता - संस्कृति पटेल रही।

### साहित्यिक रंग भी बिखरे

इसी क्रम में हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीना उपाध्याय के निर्देशन में साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन चरणों में संपन्न हुआ। जिसमें स्वरचित लेखन में प्रथम - जिया रजक, द्वितीय - प्रांजल नामदेव, तृतीय - अंजली गुप्ता, काव्य पाठ में प्रथम - शिवानी पटेल, द्वितीय - कंचन चक्रवर्ती, तृतीय - सृष्टि पोगाडे एवं वाद-विवाद में प्रथम - शचि गौतम, द्वितीय - सृष्टि सोनी, तृतीय - सौम्या विश्वकर्मा रहीं।

### मेहंदी और तात्कालिक भाषण में प्रतिभा की झलक

वाणिज्य संकाय द्वारा आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में अरेबियन विधा में प्रथम - राधिका कश्यप, सामान्य विधा में प्रथम - प्रांजल नामदेव रहे। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की छात्राओं दीपांशी साहू (प्रथम), शचि गौतम और सौम्या विश्वकर्मा (द्वितीय) ने अपनी दमदार प्रस्तुति दी।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि आज

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा सुबह 10 बजे दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, इस दिन महानगर के सभी 1041 बूथों में पं दीनदयाल के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी साथ ही कार्यकर्त्ता समर्पण निधि का अर्पण करेंगे।

# भोपाल संभाग का विशाल स्कोर

▸ महाराजा यशवंतराव मेमोरियल अंतर सम्भागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में फेथ क्रिकेट क्लब भोपाल में आयोजित महाराजा यशवंतराव मेमोरियल चार दिवसीय अंतर संभागीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर सम्भाग विरूद्ध भोपाल संभाग के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन भोपाल संभाग ने 5 विकेट पर 370 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 611 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नाबाद बल्लेबाज प्रारब्ध मिश्रा ने अपना शतक पूरा किया तथा एक छोर पर टिक कर शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 102 रन बनाए। पृथ्वी राज ने 191, अरहम 89, तनिष्क यादव ने 86, प्रतीक शुक्ला ने 43 रनों की पारी खेली। जबलपुर संभाग से गेंदबाजी करते हुए पारूष मंडल ने सर्वाधिक 4, अचिंत ठाकुर और वंदित जोशी ने 3-3 विकेट लिए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक जबलपुर संभाग ने पहली पारी में एक विकेट खोकर 78 रन बना लिए हैं। वंदित जोशी 31 रन और हर्ष मंगलानी 42 रन बना कर खेल रहे है। भोपाल संभाग से एक मात्र विकेट प्रारब्ध मिश्रा ने लिया।

# रेलवे स्टेडियम में केंद्रीय विभागों की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू





**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय शासकीय कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति (सीजीईडब्ल्यूसीसी) के तत्वावधान में आयोजित कोऑर्डिनेशन कप 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को रेलवे स्टेडियम में हुआ। उद्घाटन प्रधान आयकर आयुक्त सविता बुंडास, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्त लोकेश लिल्हारे एवं भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने किया।

अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया। वक्ताओं ने आठ वर्षों बाद आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन मैच में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय ने श्रम कल्याण आयुक्त कार्यालय को 7 विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नर्मदा क्लब में खेले गए दूसरे मुकाबले में रेलवे सुरक्षा बल ने कैंट बोर्ड को हराया, जिसमें रजनीश कुमार (62) एवं जसवंत परेसता (57) प्रमुख रहे। तीसरे मैच में आयुध निर्माणी खमरिया ने लेखा महानियंत्रक कार्यालय को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया, दिनेश दास (44) का योगदान उल्लेखनीय रहा। उद्घाटन अवसर पर एस. डी. पाटीदार, आर. आर. पांडे, अविनाश दुर्गे, नवीन वैद्य सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में देवेंद्र प्रकाश सिंह चौहान निवासी- म.नं. 2146 घमापुर शीतलामाई मंदिर के पास घमापुर जबलपुर में निवास करता हूँ। मैने अपनी निजी आय से घमापुर में प्लॉट नं. 139/1/1 एवं 139/1/2 मौजा पनहेरा नं.ब. 166 प.ह.नं. 25 रा.नि.मं जबलपुर-1 तहसील जबलपुर जिला जबलपुर निजी आय से क्रय किया था मेरी पत्नी का निधन हो चुका है और में अकेला अपने बनाए हुए मकान में रहता हूँ तथा मकान के नीचे मैने स्टेट बैंक को 2000 वर्गफुट किराये से दी हुई है। मेरे दो बेटे है, कनिष्क राज चौहान एवं अनुराग सिंह चौहान है। दोनों बेटे मेरी कोई देख रेख सेवा इत्यादि नही करते है मैं 78 वर्ष का वृद्ध व्यक्ति हूँ मैं अपने मकान से एंव मेरी अन्य चल अचल संपत्ति से दोनों बेटों को निष्काशित करता हूँ तथा बैंक से मिलने वाला किराया में ही संपूर्ण लूंगा इसमें मेरे दोनों बच्चों का नाम व अधिकार किसी तरह से नही रहेगा। क्योंकि जिस स्थान पर बैंक किराये पर है उसे मैने अपनी निजी कमाई से ही क्रय किया था। तथा मेरे दोनों बच्चे मुझे किसी प्रकार से शारीरिक मानसिक क्षति पहुचाते है मेरे स्वामित्व के मकान पर किसी प्रकार का दखल देते है तो उनके विरूद्ध में कानूनी कार्यवाही करूगां तथा दोनों बच्चों के विरूद्ध एफआईआर करने के लिए स्वतंत्र रहूँगा। जबलपुर दिनांक-11/02/2026 भवदीय-

**अर्चना चौहान एड.**
वास्ते- देवेंद्र प्रकाश सिंह चौहान,उर्फ रज्जन
जबलपुर मो.-9425196163

**In The Court of XVI Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: फरहान मसूद कुरैशी**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/ 0000119/2025)
इंद्रवती कुशवाहा............आवेदक
Vs
श्रीमान प्रबंधक महोदय........अनावेदक
Process Id-88/2026, पेशी दिनांक 10/04/2026
प्रेषिती- (1.) आम जनता पता- पता जिला जबलपुर मध्यप्रदेश (2.) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंद्रवती कुशवाहा पता- म.नं.739, शंकर नगर सुहागी जबलपुर (म.प्र.) मृतक स्व. सिया शरण कुशवाहा निवासी- म.नं.739, शंकर नगर, सुहागी जबलपुर (म.प्र.) की व्ही.एफ.जे. जबलपुर (म.प्र.) से पेंशन प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 अप्रैल 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 अप्रैल 2026 को सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 04 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा। (न्यायालय की मुद्रा)
न्यायाधीश
फरहान मकसूद कुरैशी
16वें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जबलपुर (म.प्र.)

# माटी की महक में गूंजी देशभक्ति की स्वर-लहरियां



**नवभारत,जबलपुर।** त्रिलोक नाट्य संस्था, जबलपुर द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक संध्या 'माटी की महक, देश की गूँज' में लोकगीतों और देशभक्ति गीतों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का सजीव चित्रण देखने को मिला। कार्यक्रम में खेतों की खुशबू, नदियों की लय और पर्वतों की गूँज के साथ-साथ त्याग, बलिदान और स्वाभिमान की भावनाएँ स्वरबद्ध हुई। वंदे मातरम् और पुष्प की अभिलाषा जैसी महान रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में गायन प्रस्तुति मुस्कान सोनी, माही सोनी, आरती दुबे एवं अदिति बाजपेई ने दी। तबले पर मानसी सोनी, आयुष बर्मन एवं चेतना बेन ने संगत की, जबकि हरमोनियम पर राज वर्धन पटेल रहे। संगीत निर्देशन क्षिप्रा सुल्लेरे एवं लोकेश मालवीय का रहा। कार्यक्रम में दविंदर सिंह ग्रोवर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। 'माटी की महक, देश की गूँज' के माध्यम से दर्शकों ने भारतीय सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रप्रेम का भावपूर्ण अनुभव किया।

**डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13 (2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 (1) के सहपठित है. उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

| देनदारों/गारंटरों का नाम | डिमांड नोटिस तिथि व राशि | सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|
| श्री धर्मेश पुरी<br>श्रीमती ममता गोस्वामी<br>(प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10352495) | 3-फरवरी-2026<br>रु. 1475142/-<br>(रु. चौदह लाख पिचहत्तर हजार एक सौ बयालीस मात्र) | प्रॉपर्टी का वह पूरा हिस्सा जो इस तरह है- खसरा नंबर 114 (नया खसरा नंबर 114/1/2), P.H.N. 49, R.N.M. पनागर, जबलपुर, मध्य प्रदेश 483220 से निकला ज़मीन का प्लॉट एरिया (SQ. FT में)- प्रॉपर्टी टाइप- एरिया_एडमेजरिंग प्रॉपर्टी एरिया- 1000 |

यदि उक्त देनदार आईआईएफएफ एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, ब्रांच आफिस 225, नेपियर टाउन, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001/या कार्पोरेट ऑफिस: आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस-IV, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 11.2.2026
प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील आधारताल, जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 3075/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 03/02/2026
**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **लक्ष्मी बाई जायसवाल पति श्री दयाराम जायसवाल** निवासी-1820 सीओडी कालोनी, सुहागी के द्वारा मौजा महाराजपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 253/3 में से रकवा 5200 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता राजेश पिल्ले से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23/03/2012 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13/02/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-03/02/2026
पेशी दिनांक-13/02/2026 (न्यायालय की मुद्रा)
अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल,जबलपुर

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**नरसिंह भवन, कन्देली,नरसिंहपुर (म.प्र.)-487001**
कार्यालय दूरभाष- 07792-230941 फैक्स- 232686/232163/231247
Email- sp_narsinghpur@mppolice.gov.in & spnarsinghpur1@gmail.com
क्रमांक/पुअ/नर/रनि/रीडर/एमपीईटेन्डर/ 263/2026 दिनांक: 06/02/2026
**खुली ई-निविदा आमंत्रण विज्ञापन**

जिला इकाई के पुलिस अधीक्षक कार्यालय नरसिंहपुर में वाहनों हेतु पार्किंग शेड निर्माण कार्य कराने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकार ई-निविदा ऑनलाईन https://mptenders.gov.in बेवसाईट में जाकर निविदा निर्धारित दिवस में जमा कर सकते है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन https://mptenders. gov.in बेवसाईट में किया जावेगा।

**//स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता//**
पुलिस अधीक्षक
नरसिंहपुर
**जी-25685/25**

# ऋषि नगर में परंपरा, संस्कृति और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा

आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा का तीसरा दिन



**नवभारत,जबलपुर।** आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा का तीसरा दिन पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया के नेतृत्व में अखिल भारतीय आदिवासी शबरी संघ के तत्वावधान में संपन्न हुआ। यह यात्रा छोटी खैरी, बड़ी खैरी और ऋषि नगर के आदिवासी समाज के साथ आयोजित की गई। मुख्य कार्यक्रम ऋषि नगर स्थित खेर माता मंदिर में हुआ, जिसमें महिला, पुरुष और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में खेर माता को ग्राम देवी के रूप में याद किया गया और आदिवासी समाज की परंपरा 'गांव बांधना' पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि यह परंपरा समाज की एकता बनाए रखने और विपत्ति से सुरक्षा के लिए निभाई जाती है। साथ ही आदिवासी समाज की गुप्त देवी-देवताओं की पूजा और पारंपरिक नियमों का पालन भी याद दिलाया गया। स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने डेयरी फार्म की गंदगी, सड़कें जर्जर होना, शमशान भूमि पर कब्जा, शिक्षा सुविधाओं की कमी और कच्ची शराब की अवैध बिक्री जैसी समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया। कार्यक्रम में भैयालाल गोटिया, रोशन लाल कोल, रामनरेश कोल, ख्याली सिंह, कुंजीलाल गोटिया, वाल्मीकि कोल, जीतू गोटिया, गणेश गोटिया, रंगलाल खलीफा, उमेश गोटिया, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षक रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर म.प्र.**
पता- मालगोदाम चौक के पास साउथ सिविल लाईन जबलपुर टेलीफोन नं. 0761-2625622
वेबसाईट-www.elginhospital.com ई-मेल-elginhospitaljbp@gmail.com
क्रमांक/विकासशाखा/2026/3571 जबलपुर, दिनांक : 06/01/2026
**NOTICE INVITING Re E-TENDER**
**ANNUAL MAINTENANCE CONTRACT**
FOR
**ALL TYPES & VARIOUS MAINTEANCE WORKS IN HOSPITAL**

Superintendent Rani Durgawati Hospital Jabalpur (M.P.) invites below mention tenders online https://mptenders.gov.in bid from eligible service providers for **Annual Maintenance Contract for All Types & Various Maintenance works in Hospital** as given document for the period from : Schedule of Events

| S. No. | Tender Reference Number | Tender ID | Publishing & Bid Submission Start Date* | PreBid Meeting Date* | Bid Submission Closing Date* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 222 | 2025_DHS_471285_2 | 12-02-2026 | 23-02-2026 | 06-03-2026 |

जी-25678/25
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
Superintendent
Rani Durgawati Hospital Jabalpur (M.P.)